# राजस्थान सरकार
## स्वायत्त शासन विभाग राज. जयपुर
जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन्स फाटक सी–स्कीम, जयपुर।
टेलीफैक्स :– 0141–2222403, ई–मेलः–dlbrajasthan@gmail.com वेब साईटः– www.lsg.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक :– एफ 55( )Engg./CE/DLB/17/23392-583 दिनांक :– 17/11/2017

आयुक्त, नगर निगम समस्त
आयुक्त, नगर परिषद समस्त
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका समस्त।

विषयः– स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 मे प्रथम स्थान पर रहे इन्दौर के द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यो एवं किये गये प्रयासों को राज्य की निकायों को रिपोर्ट उपलब्ध करवाये जाने हेतु।

आवासन एंव शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की सफल कियान्विति एंव भारत के शहरों को खुले मे शौच से मुक्ति तथा स्वच्छ एवं सुन्दर शहर बनाने की दिशा में जन आन्दोलन के माध्यम के अनुसार होते हुये महात्मा गांधी की 150 वीं जयन्ती पर राष्ट्र को सभी निकायों को खुले मे शौच से मुक्त कर एवं कचरे का बेहतर प्रबन्ध करते हुये सच्ची श्रद्वांजली अपित करनी है।

भारत के शहरो मे आपस मे प्रतिस्पर्धा हेतु स्वच्छ सर्वेक्षण के माध्यम से जनभागिता सुनिश्चित करते हुये सर्वप्रथम जनवरी 2016 मे भारत के 75 शहरों का सर्व में सम्मिलित किया, जिसमें राज्य के तीन प्रमुख शहर यथा जयपुर, जोधपुर एवं कोटा ने भाग लिया।पहले सर्वेक्षण की सफलता को देखते हुये दूसरा सर्वेक्षण जनवरी 2017 मे आयोजित किया गया जिसमें देश के 500 अमृत शहरों मे से राज्य के 29 अमृत शहर सम्मिलित थे। स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 मे राज्य के शहर प्रथम 100 मे जगह नही बना सकें।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 में प्रथम पायदान पर इन्दोर शहर का Exposure visit हेतु दिनांक 06.10. 2017 को माननीय मंत्री महोदय स्वायत्त शासन विभाग के नेतृत्व में स्वायत्त शासन विभाग एवं नगर निगम जयपुर के अधिकारियों का एक दल नगर निगम इन्दोर द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यो की कार्य प्रणाली एंव व्यवस्था को देखने गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 मे सबसे स्वच्छ शहर इन्दोर द्वारा निम्नानुसार स्कोर हासिल किये गये जिसमें प्रमुखतया निम्न बिन्दुओं पर विशेष रूप से जोर दिया गया।

1. घर–घर कचरा संग्रहण 100%
2. In formal Waste picker Engagemant
3. User Charges of Waste Collection
4. Twice a day sweeping in the city
5. Open defecation free city
6. Waste collection & Transportation 100%
7. ICT Based Staff Attendence
8. E- Leaning cources by ULBs staff
9. Operational Waste processing plant
10. Source Segragation of Waste
11. स्वच्छताग्राही का मनोनयन किया गया।
12. आवासीय एंव व्यवसायिक संस्थानों से Segregated Waste Collection

D:\Kala ji\Hindi Letter .docx

13. जनजागरण किया गया। स्वच्छताग्राही द्वारा लोगो को समझाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया ।
14. समय–समय पर विशेष सफाई अभियान चलाये गये।
15. शहर मे पडे पुराने कचरे/मलबे करे उठाया गया।
16. IEC हेतु शहर में Hoardings लगवाये गये।
17. दीवारों पर Wall Painting की गई।
18. प्रत्येक वार्ड मे रेगपिकर्स को जोडा गया।
19. व्यंस्तम बाजारों मे दिन मे दो बार स्वीपींग करवाई गई।
20. रात्री कालीन सफाई मे अतिरिक्त स्टाफ लगाकर तथा Mechanical Road Sweeping करवाई गई।
21. जैंटिग मशीन से प्रमुख चौराहों स्माराकों को धुलवाया गया।
22. वर्ष के प्रत्येक दिन (365 दिन) सफाई करवाई गयी।
23. प्लास्टिक वेस्ट को रोड बनाने से प्रयोग मे लाया गया।
24. वाहनों मे जिगल्स (Jingles) चलाये गये।
25. नागरिकों को स्त्रोत पर कचरे के पृथक्कीरण हेतु समझाया गया।
26. गीला कचरा हरे पात्र में तथा सुखा कचरा नीले पात्र मे रखने हेतु प्रेरित किया गया।

रात्रिकालीन सफाई पर विशेष जोर दिया जाता है। मेकेनाइजेशन कर सडक की सफाई रोड स्वीपरो की माध्यम से की जाती है। कुल 10 रोड स्वीपर लगाये जाकर मुख्य मार्गो व्यस्तम बाजारो की सफाई रात्रीकालीन 9 से 3 बजे तक की जाती है। प्रत्येक मशीन लगाया 40 किलोमीटर रोड की स्वीपींग करती है। इसके अलावा Special gange द्वारा रोड की सफाई कर कचरा इक्ट्ठा किया जाता है।

मुख्य मार्गो पर Litter bin, Twin bin लगाये गये है। जिनमें बाजार मे एवं आम नागरिकों द्वारा कचरा डाला जाता है। तथा इनको विभागों वाहनों मे खाली कर कचरे का परिवहन किया जाता है। पूर्व मे लगे सभी विन लभगग 4000 डिब्बो को हटवाकर बिन लेस सिटी किया गया है। इससे कचरा रोड पर फैलने एवं मिक्सवरेट की समस्याओं निजात गई।

Bulk generators को स्वयं के स्तर पर कम्पोस्ट खाद बनाने हेतु पाबंद किया गया है। कम्पोस्ट पिट एंव कम्पोस्ट मशीनों का उपयोग कर कचरे से खाद बनाई जाती है। फूलो के मालाओं एव फूलो के वेस्ट से कम्पोस्ट मशीन के माध्यम से खाद बनाई जाती है। गणेश मन्दिर पर मशीन लगाकर मुख्य मन्दिरो मे फूल का वेस्ट इक्ट्ठा वहां पर खाद बनाई जाती है।

चुने हुये प्रतिनिधि एंव अधिकारियों के बेहतर तालमेल से शहर को स्वच्छत में नं. 1 पर लाया गया है। इस प्रकार सामुहिक एक सतत प्रयास से इन्द्रोर नगर निगम के स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 मे सबसे स्वच्छ शहर बनाया गया है।

अतः आप स्वच्छ सर्वेक्षण–2018 में अच्छी रेकिंग हेतु नगर निगम इन्दौर द्वारा किये गये प्रयासो का अनुसरण करते हुये राज्य के नगर निकायों को समुचित प्रयास करते हुये अपने शहर को अच्छी रेकिंग लाने का व्यक्तिगत प्रयास करने का कष्ट करें।

संलग्नः– रिपोर्ट

**(पवन अरोड़ा)**
**निदेशक एवं संयुक्त सचिव**

क्रमांक :– एफ 55( )Engg./CE/DLB/ 16/ 23584–637
दिनांक :– 17/11/2017

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. प्रमुख शासन सचिव माननीया मुख्यमंत्री महोदया, राजस्थान सरकार।



D:\Kala ji\Hindi Letter .docx

2. विशिष्ठ सचिव माननीय मंत्री महोदय स्वायत्त शासन विभाग।
3. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग।
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, माध्यमिक शिक्षा/प्रारम्भिक शिक्षा विभाग, राज. जयपुर।
5. संयुक्त सचिव, मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार।
6. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव स्वायत्त शासन विभाग।
7. निजी सचिव, निदेशक स्वच्छता।
8. जिला कलेक्टर समस्त।
9. निजी सहायक, अतिरिक्त निदेशक, निदेशालय।
10. निजी सहायक मुख्य अभियंता निदेशालय।
11. निजी सहायक मुख्य लेखाधिकारी निदेशालय।
12. उपनिदेशक क्षैत्रीय समस्त।
13. प्रोगामर निदेशालय विभागीय बेवसाईट पर अपलोड किया जाने हेतु।
14. सुरक्षित पत्रावली।

अतिरिक्त निदेशक